File No.70-1099/420/2022-1-

I/254368/2022

संख्या 76 /2022/ 4514/छिहत्तर-1-2022-36सम/2022

प्रेषक,

अनुराग श्रीवास्तव,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 — लखनऊ:दिनांक 29 दिसम्बर, 2022

विषय- प्रदेश के आंगनवाडी केन्द्रों, आश्रमशालाओं एवं स्कूलों में स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं अन्य के संयुक्त हस्ताक्षरित अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-21-8/2022-IS-9-Part(1) दिनांक 19 दिसम्बर 2022 (छायाप्रति सलग्न) का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 15वें वित्त आयोग,राज्य वित्त आयोग, मनरेगा, जिला खनिज निधि या अन्य स्रोतों से आंगनवाडी केन्द्रों, आश्रमशालाओं एवं स्कूलों में स्वच्छता एवं पाइप पेयजल की सुविधा सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- भारत सरकार के उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 19.12.2022 के प्रस्तर-6 के अनुसार स्कूलों हेतु ग्रामों की जलापूर्ति के बुनियादी ढांचे को पूरा होने की प्रतीक्षा करने के बजाय बच्चों के समग्र स्वास्थ्य और भलाई के लिए सुरक्षित पानी के महत्व को देखते हुए स्कूलों/आंगनवाडी केन्द्रों में तेजी से पाइप के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

3- उक्त के क्रम में अपने स्तर से दिखवा लें कि ऐसे स्कूल, आगनवाडी एवं आश्रमशालाएं जिनमें विभागीय मद से, कायाकल्प अभियान के अन्तर्गत अथवा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) अथवा उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा पाइप वाटर सप्लाई न की गयी हो और ग्रामों में अभी जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं कार्य प्रारम्भ न हुआ हो, तो ऐसे ग्रामों की सूची तत्काल शीर्ष प्राथमिकता पर अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,उत्तर प्रदेश लखनऊ को संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध करायें, ताकि युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा सकें ।

4- जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजना का कार्य प्रारम्भ हो गया है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रों इत्यादि सहित समस्त शासकीय भवनों को पाइप पेयजल से संतृप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,
Signed by अनुराग
(अनुराग श्रीवास्तव)
Date: 27-12-2022 21:00:37
प्रमुख सचिव
Reason: Approved

संख्या-76 /2022/4514(1)/76-1-202236सम/2022 तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार,नई दिल्ली को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 19.12.2022 के क्रम में।
2-अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग,उत्तर प्रदेश शासन।
3-अपर मुख्य सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग,उत्तर प्रदेश शासन।
4-प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण),उ0प्र0लखनऊ।
5-अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,उ0प्र0लखनऊ।
6-प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड,लखनऊ।
7-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बृजराज सिंह यादव)
विशेष सचिव